22वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में दुर्ग ज़िला रहा ओवरआल चैंपियन

चर्चा में क्यों?

3 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ के दुर्ग ज़िले के चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, धमधा में चल रही 22वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें दुर्ग ज़िला 15 पॉइंट के साथ ओवरआल चैंपियन रहा।

प्रमुख बिंदु

- खेल आयोजक ने बताया कि 22वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में 14 पॉइंट पाकर बिलासपुर ज़िला दूसरे स्थान पर रहा।
- प्रतियोगिता में कबड्डी में 14 वर्ष आयु वर्ग से बालक वर्ग में बिलासपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, रायपुर तृतीय तथा बालिका वर्ग में बिलासपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय व रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- इसी तरह खो-खो में 14 वर्ष आयु वर्ग से बालक वर्ग में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय व बिलासपुर तृतीय तथा बालिका वर्ग में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, बस्तर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- इस खेल प्रतियोगिता में टेनिस बॉल क्रिकेट में 19 वर्ष आयु वर्ग से बालक वर्ग में सरगुजा प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, दुर्ग तृतीय तथा बालिका वर्ग में सरगुजा प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/durg-district-emerges-overall-champion-in-22nd-state-level-school-sports-meet